भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न सं. 22
गुरूवार, 08 दिसम्बर, 2022/17 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

चार धाम यात्रा के लिए अवसंरचनात्मक परियोजनाएं

22. श्री धनंजय भीमराव महादिकः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस वर्ष कितने तीर्थयात्रियों ने चार धाम की यात्रा की है;

(ख) क्या यह सच है कि सरकार ने चार धाम यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बड़ी संख्या में अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की शुरूआत की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

चार धाम यात्रा के लिए अवसंरचनात्मक परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 08.12.2022 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. 22 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क) : राज्य/संघ राज्यक्षेत्र पर्यटन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार इस वर्ष चार धाम की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों का विवरण निम्नलिखित है :

क्र. सं.	**धाम**	**आने वाले तीर्थयात्री (2022)**
1.	बद्रीनाथ जी धाम, उत्तराखण्ड	17.52 लाख (नवंबर में मंदिर बंद होने तक)
2.	द्वारका (द्वारकाधीश), गुजरात	वित्त वर्ष 2022-23 में 50.26 लाख (नवंबर तक)
3.	पुरी (श्री जगन्नाथ धाम), ओडिशा	107.29 लाख (सितम्बर तक)
4.	रामेश्वरम, तमिलनाडु	48.37 लाख (अक्टूबर तक)

स्रोत : राज्य/संघ राज्यक्षेत्र पर्यटन विभाग

(ख) से (घ) : पर्यटक स्थलों का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है । तथापि पर्यटन मंत्रालय चार धाम सहित देश में यात्रियों को बेहतर पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन' और 'राष्ट्रीय तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन' योजनाओं के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

सभी चार धाम गंतव्य राष्ट्रीय स्तर की महत्ता रखते है और भारत के तीर्थयात्रा परिदृश्य का अभिन्न अंग हैं । पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'राष्ट्रीय तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' योजना के अंतर्गत उत्तराखंड में बद्रीनाथ, गुजरात में द्वारका और ओडिशा में पुरी में परियोजनाओं को स्वीकृति दी है ।

स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

(**करोड़ रु. में**)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना की स्वीकृत लागत**	**परियोजना की पूर्णता**
बद्रीनाथ जी धाम, उत्तराखण्ड				
1	बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थ यात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास	2018-19	56.13	परियोजना पूर्णता के अंतिम चरण में है
द्वारका (द्वारकाधीश), गुजरात				
1	द्वारका का विकास	2016-17	13.08	फरवरी 2021
पुरी (श्री जगन्नाथ धाम), ओडिशा				
1	मेगा सर्किट के तहत देउली में पुरी, श्री जगन्नाथ धाम - रामाचंडी - प्राची रिवर फ्रंट	2014-15	50.00	जून 2021

	में अवसंरचना का विकास			

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना के अंतर्गत रामेश्वरम सहित तमिलनाडु राज्य में एक तटवर्ती परिपथ थीम परियोजना को स्वीकृति दी थी । परियोजना का ब्यौरा निम्नानुसार है :

(**करोड़ रु. में**)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना की स्वीकृत लागत**	**परियोजना की पूर्णता**
रामेश्वरम, **तमिलनाडु**				
1	(चेन्नई-मामल्लपुरम-रामेश्वरम-मनपदु-कन्याकुमारी) का विकास	2016-17	73.13	परियोजना भौतिक रूप से पूरी हो गई है

*****